हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 फरवरी 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 सस्ती व सतत ऊर्जा की आपूर्ति देश की तरक्की के ...



07 राम से बड़ा राम का नामः साध्वी प्रेमलता मिश्रा




### आठ परीक्षा केंद्रों को लिया अतिसंवेदनशील की श्रेणी में और दो केंद्र संवेदनशील

# बोर्ड परीक्षा...75 केंद्रों पर 29 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

कक्षा दसवीं-बारहवीं में जिले में नियमित और प्राईवेट के कुल 29 हजार 770 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इन परीक्षाओं के लिए जिले में 75 केंद्र बनाए गए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एमपी बोर्ड की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षा 5 फरवरी से शुरू हो रही है। जिले में इस बार कक्षा दसवीं-बारहवीं के नियमित और प्राईवेट के कुल 29 हजार 770 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए बोर्ड के निर्देश पर सभी 75 परीक्षा केंद्रों में विभाग के कर्मचारियों के अलावा कलेक्टर प्रतिनिधियों को तैनात किया गया है। विभाग ने जिले में 8 अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र और 2 संवेदनशीन परीक्षा केंद्र बनाए हैं। परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने के लिए उडनदस्ता दल भी बनाए गए है। इसके अलावा कलेक्टर सोनिया मीना ने परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कार्रवाई की बात कही है।

#### गोपनीयता बनाने के निर्देश

जिले के सभी 75 परीक्षा केंद्रों में कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए है। कलेक्टर सोनिया मीना ने मंडल की परीक्षा कार्य को अत्यावश्यक सेवा घोषित किया है। उन्होंने मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं परीक्षा की पवित्रता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए जिले के परीक्षा केन्द्रों के लिए कलेक्टर सोनिया मीना ने कलेक्टर प्रतिनिधि के साथ-साथ निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया है। कलेक्टर ने मंडल से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप परीक्षा संचालन के लिए निर्देश सर्वसंबंधितो को दिए हैं। कलेक्टर प्रतिनिधि, उड़नदस्ता दलों एवं अन्य सर्व संबंधितो को निर्देशित किया है कि वे सौंपे गये दायित्वों का पालन करना सुनिश्चित करें।

#### 100 गज की दूरी जरूरी

अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटे पूर्व से लेकर परीक्षा पूर्ण होने तक परीक्षा केन्द्रों से 100 गज की दूरी के अंदर अनाधिकृत व्यक्तियों तथा अवांछनीय गतिविधियों पर सख्ती से अधिकृत अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है एवं दर्ज एफआईआर पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही के लिए सर्वसंबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को अधिकृत किया गया है।

#### नियमित और प्राईवेट परीक्षार्थियों की संख्या

| | | |
|---|---|---|
| कुल परीक्षार्थी संख्या | 29770 | |
| 10 वीं नियमित | 15376 | प्राईवेट 1460 |
| 12 वीं नियमित | 11135 | प्राईवेट 1799 |

#### 75 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

| | |
|---|---|
| जिले में कुल परीक्षा केंद्र | 75 |
| शासकीय | 51 |
| अशासकीय | 24 |
| अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र | 8 |
| संवेदनशील परीक्षा केंद्र | 2 |
| गोपनीय सामग्री रखे जाने हेतु थानों की संख्या | 16 |

#### नकल पर अंकुश लगाने उड़नदस्ता दल करेंगे निगरानी, दल का किया गया गठन

परीक्षा के समयक संचालन तथा नकल पर अंकुश लगाने के लिए गठित उड़नदस्ता दलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने बताया है कि परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण के लिए नियुक्त सभी उड़नदस्ता दल अधिकारी व कलेक्टर प्रतिनिधि एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मंडल एवं कार्यालय से प्राप्त निर्देशो का कड़ाई से पालन कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा का सफलतापूर्वक संचालन पूर्ण दृढ़ता व अनुशासन में संपन्न हो। उन्होंने बताया है कि इस वर्ष कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति-अनुपस्थिति की मॉनीटरिंग मंडल द्वारा निर्मित मोबाईल एप के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर किये जाने की व्यवस्था की गई है।

#### सत्र 2023-24 के लिए भोज विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ, 15 फरवरी अंतिम तिथि, विद्यार्थी अंग्रेजी में एमए फिर से कर सकते हैं

मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय की प्रवेश संबंधी बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय तिवारी की अध्यक्षता में भोज वि वि भोपाल में संपन्न हुई। कुलपति द्वारा समस्त क्षेत्रीय निदेशकों को निर्देशित किया गया कि इस सत्र में 35 नए पाठ्यक्रमों को अध्ययन केन्द्रो में प्रारंभ किया गया है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ ओ एन चौबे द्वारा बताया गया कि केंद्र में प्रमुख रूप से एम ए अंग्रेजी, हिंदी ,अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल तथा एमएससी साइबर सिक्योरिटी, वनस्पति शास्त्र, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, आई टी , एमबीए, एमसीए ,बी जे,एम जे एवं अन्य डिप्लोमा कोर्स ,पीजी डिप्लोमा, मैनेजमेंट , साइबर सिक्योरिटी,लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट, पी जी डिप्लोमा एंड एनर्जी मैनेजमेंट, रामचरितमानस आदि कोर्स में विद्यार्थी दिनांक 15फरवरी 2024 तक प्रवेश ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि समस्त पाठ्यक्रम कोई भी विद्यार्थी, शासकीय कर्मचारी, नौकरी पेशा व्यक्ति, नियमित पाठ्यक्रम के साथ कर सकते हैं ।अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय व अध्ययन केंद्र शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम में संपर्क करें ।

# मीनाक्षी चौक पर बनी दो पक्की दुकानों को जेसीबी से हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के बाद मीनाक्षी चौक पर बनी पक्की दुकान को आखिरकार बुधवार को जेसीबी की सहायता से तोड़ दिया गया। यह कार्य मीनाक्षी चौराहे से चौड़ीकरण के एवज में हो रहा है। जो भी टप और दुकानें अतिक्रमण के दायरे में आ गई थी उन्हें पहले ही हटा दिया गया था, लेकिन दो दुकानों को नहीं हटा पाए थे, जिसके बाद वहां अतिक्रमणकारी अतिक्रमण की तैयारी में थे। ऐसे में विरोधाभाष को दूर करने आखिरकार बुधवार को पक्की दुकानों को भी कार्रवाई कर तोड़ दिया गया। इस दौरान नगर पालिका का अमला मौजूद रहा। वहीं जानकारी के अनुसार दुकानों के पीछे होने के कारण अब उनके सामने फिर से नई नाली बनाई जाएगी। जिसका भी टेंडर नगर पालिका जारी करेगी। ऐसे में संकरी सड़क से लोगों की परेशानी दूर होगी और रोड चौड़ीकरण के बाद ट्राफिक सिग्नल भी शुरू कर दिए जाएंगे। विदित हो कि मीनाक्षी चौक पर मंदिर को भी शिफ्ट किया जा रहा है। जिसका भूमि पूजन और लेआउट डल चुका है। ऐसे में मंदिर निर्माण के बाद मंदिर में पुनः देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा होगी। हालांकि एलआईसी ऑफिस जाने वाली सड़क से अभी तक अतिक्रमण की जद में आने वाले टपों को नहीं हटाया गया है। जो भी लोगों की चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं नाले किनारे कुछ पक्के अतिक्रमण भी है। जिनमें दुकानों का संचालन जारी है। ऐसे में इनका नंबर कब आएगा, यह भी आम चर्चा है।

## जिपं सभा कक्ष में सामान्य सम्मेलन की बैठक

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिला पंचायत सभाकक्ष में सामान्य सम्मेलन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 5 एजेंडों पर चर्चा हुई। जिसमें 28 अगस्त 2023 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन एवं पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। दूसरा एजेंडा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।तीसरा एजेंडा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई । चौथा एजेंडा में वित्त अंतर्गत वर्ष 2024-25 की कार्य योजना पर भी चर्चा की गई और अन्य विषयों पर भी चर्चाएं की गई।सामान्य सम्मेलन की बैठक के समापन उपरांत बैठक में शामिल सभी ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राधाबाई पटेल, विधायक प्रेमशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष बुंद कुंवर सोलंकी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस एस रावत एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई में 2 डंपर और 2 ट्रैक्टर ट्राली जब्त



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन , परिवहन और भण्डारण के विरुद्ध खनिज, पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को जाँच के दौरान इटारसी में डम्पर क्रमांक-एमपी 05जी 8113 को गिट्टी खनिज का अवैध परिवहन करने पर एवं डम्पर क्रमांक-एमपी 05G0जी 7491 को मुरूम/मिट्टी खनिज का अवैध परिवहन करने पर जप्त कर थाना पथरोटा में पुलिस अभिरक्षा में दिया गया है। करवला घाट नर्मदापुरम से 01 ट्रेक्टर ट्राली रेत खनिज का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना कोतवाली नर्मदापुरम की अभिरक्षा में दिया गया है एवं पिपरिया में 01 ट्रैक्टर ट्राली रेत खनिज का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना मंगलवारा पिपरिया की अभिरक्षा में दिया गया है। उक्त कार्यवाहियों में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान, उप पुलिस अधीक्षक यातायात नर्मदापुरम शसंतोष मिश्रा, खनि अधिकारी दिवेश मरकाम, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, नर्मदापुरम निरीक्षक उषा मरावी एवं हेमन्त राज, सिपाही खनिज शाखा नर्मदापुरम तथा होमगार्ड एवं पुलिस बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# 40 की जांच, 7 में नहीं थी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र उच्च न्यायालय द्वारा दी गई समय सीमा अनुरूप सभी वाहनों में 15 जनवरी तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट्स लगना जरूरी था,लेकिन जिले में अभी तक ऐसे वाहनों की संख्या कम देखी जा रही है। अब आरटीओ और यातायात विभाग ने ऐसे वाहन जिनमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट्स नहीं लगी है उन पर चालानी कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। बुधवार को आरटीओ निशा चौहान के नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा सभी प्रकार के छोटे तथा बड़े वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट्स की जांच की गई। जिन वाहन चालकों द्वारा पूर्व में ऑनलाइन के माध्यम से नंबर प्लेट के लिए आवेदन किया गया, उक्त वाहनों को जांच दल द्वारा जल्द नंबर प्लेट लगाने की समझाइश देते हुए छोड़ दिया। वहीं करीब 40 वाहनों की जांच में 7 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने पर 3500 रुपए शमन शुल्क वसूला गया। आरटीओ निशा चौहान ने बताया कि ऑनलाइन तथा वाहनों के संबंधित वाहन शोरूम से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के लिए आवेदन कर वाहनों में नंबर प्लेट लगवाया जा सकता है सभी प्रकार के वाहनों में यह नंबर प्लेट लगवाना जरूरी है। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगे वाहनों पर कार्रवाई होगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया एफएलसी कार्य का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (बेल) बेंगलुरू के इंजीनियरों द्वारा जिले में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी की एफएलसी की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने आज कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस (गोडाउन) पहुँच कर एफएलसी (फ्रर्स्ट लेवल चेकिंग) प्रक्रिया का अवलोकन किया। एफएलसी कर रहे भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड बेल के इंजीनियरों से ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी को लेकर चर्चा की। नोडल अधिकारी ईवीएम प्रबंधन ने 29 जनवरी से चल रहे ईवीएम की एफएलसी कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान राजनैतिक दलों की उपस्थिति में मॉक पोल कर ईवीएम संचालन की प्रक्रिया देखी। उन्होंने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। साथ ही ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा के साथ ही सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था भी देखी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को एफएलसी के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मनोहर बडानी, प्रतिनिधि इंडियन नेशनल कांग्रेस अनोखी लाल राजोरिया,प्रतिनिधि बहुजन समाज पार्टी सदाशिव खातरकर एवं रामबाबू बारवे, प्रतिनिधि आम आदमी पार्टी राजेन्द्र मालवीय तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीके सिंह, ईव्हीएम नोडल अधिकारी कुबेर सिंह मिर्धा, एसडीएम आशीष पांडे, निर्वाचन सुपरवाईजर कैलाश दुबे तथा राष्ट्रीय स्तर मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे उपस्थित रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफएलसी कार्य के निरीक्षण के दौरान उपस्थित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चर्चा की और उन्हें एफएलसी कार्य के दौरान नियमित उपस्थिति के लिए कहा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को एफएलसी के दौरान समय समय पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित करने के निर्देश भी दिए।

भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थित में आज एफएलसी ओके ईवीएम मशीनों को प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए निकाली गई। जिसमें कलेक्टर कार्यलय में बनाए गए ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का नव मतदाताओं को भ्रमण कराया गया।

# रैन बसेरा में निरीक्षण के दौरान पलंग की चादरों को पलटकर देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर का पदभार ग्रहण करने के बाद अब कलेक्टर जिला मुख्यालय के हर गली मोहल्लों तक पहुंच रही है। बुधवार को भी कलेक्टर सोनिया मीना ने नगर का सघन भ्रमण किया। उनके द्वारा विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया । इस दौरान उन्होंने नेहरू पार्क, बस स्टैंड एवं सेठानी घाट स्थित रैन बसेरे, सेठानी घाट और सीवरेज लाइन के कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही नर्मदा जयंती की तैयारियों का भी जायजा लिया। कलेक्टर सबसे पहले नेहरू पार्क पहुंची, उन्होंने यहां लाइब्रेरी एवं व्यायाम शाला का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि पार्क में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें एवं व्यायामशाला में पुरानी मशीनों को हटाकर नई मशीन स्थापित करने की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जाए।

#### गंदी चादरों को देख जताई नाराजगी

बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा का कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बेड पर बिछी चादरे धुली नई पाई गई और जगह-जगह गंदगी परसी थी। कलेक्टर ने चादरों को अलट पलट कर देखा और ` नाराजगी जताई। इस दौरान सीएमओ नवनीत पांडे ने रैन बसेरा प्रभारी दिव्या मिश्रा को सिटी मिशन मैनरेजर डे एनयूएलएम को समय समय पर कार्यालनीन समीक्षा बैठक में रैन बसेरा की समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिए थे। ऐसे में कलेक्टर के दौरे के दौरान अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही मिलने पर सिटी मिशन मैनेजर दिव्या मिश्रा को 3 दिनों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर ने कहा कि रेन बसेरा के महिला कक्ष में महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएं। कक्ष में महिला प्रतिनिधि तैनात करें। साथ ही यहां बिजली, पानी, साफ सफाई एवं रोशनी आदि की व्यवस्था भी दुरुस्त रहें। जिससे की यहां रुकने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। इस दौरान कलेक्टर ने रेन बसेरा में ठहरे हुए यात्रियों से भी रेन बसेरा मैं मिलने वाली व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। उन्होंने बस स्टैंड पर दीनदयाल रसोई का भी निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता देखी और दीनदयाल रसोई का बेहतर संचालन करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर द्वारा सेठानी घाट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने यहां संचालित रैन बसेरा में भी व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने नर्मदा परिक्रमा वासियों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने सेठानी घाट पर बोट से नर्मदा तट के सभी घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नर्मदा जयंती की सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण कराएं। जिन घाटों पर सफाई व्यवस्था पुख्ता नहीं है वहां एक से ज्यादा शिफ्ट में सफाई कर्मचारी की तैनाती कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। इसके बाद कलेक्टर द्वारा जुमेराती-राजा मोहल्ला क्षेत्र में पहुंचकर सीवरेज लाइन के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया।

### यूनिसेफ राष्ट्रीय समिति के सदस्यों और टीम का दौरा...

# कुपोषण से पीड़ित बच्चों के जीवन में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मप्र सरकार और महिला बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से जिले में पोषण पुर्नवास केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इस कार्य में कार्यरत कार्यकर्ताओं की जमीनी हकीकत और उनके पोषण कार्यों के प्रयासों को बुधवार को मध्यप्रदेश स्विट्ज़रलैंड, नीदरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका से यूनिसेफ की राष्ट्रीय समितियों के सदस्यों के साथ-साथ थाईलैंड, जिनेवा और दिल्ली कार्यालयों के यूनिसेफ अधिकारियों की एक टीम ने नर्मदापुरम का दौरा किया। यह दौरा अति गंभीर कुपोषण के समुदाय आधारित प्रबंधन कार्यक्रम सीसेम पर चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स के निरिक्षण के लिए किया गया। टीम ने ग्राम पंजराकला ब्लॉक नर्मदापुरम, ग्राम जुझारपुर ब्लॉक केसला में आंगनवाड़ी केंद्रों और इटारसी में पोषण पुनर्वास केंद्रों का दौरा किया और प्रदेश सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं द्वारा जमीनी स्तर पर किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रदेश सरकार, यूनिसेफ और एम्स भोपाल के साथ साझेदारी में गंभीर कुपोषण से पीड़ित बच्चों के जीवन में बदलाव ला रही है।

टीम ने कलेक्टर सोनिया मीना और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ललित डेहरिया और सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के वर्मा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से मुलाकात की। इस दौरान आई टीम ने कलेक्टर और उनकी टीम को धन्यवाद दिया और जिले में बच्चों और महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग से संयुक्त प्रयासों की सराहना की। टीम के साथ लिज्जा फ्रेडरिक लिज लॉरिन मिकी आदि अंतरराष्ट्रीय सदस्य थे। यूनिसेफ दिल्ली से डॉ समीर पवार, राहुल और राधिका साथ थे। वहीं भोपाल यूनिसेफ से मार्गरेट ग्वाडा, पुष्पा अवस्थी और डॉ. सुरेश परमार, एम्स भोपाल से दीपक पाण्डेय मनोज सिंह चौहान, मोनिका कौशल और प्रेम सिंह चौहान,नर्मदापुरम स्वास्थ्य विभाग से इटारसी अधीक्षक डॉ आरके चौधरी, डॉ राजेश मीणा, बी एम ओ डोलरिया व डां सुखतवा बीएमओ सपन गोयल,मीडिया प्रभारी सुनील साहू मुक्ता नागरे, वैशाली बागड़े, एएनएम चित्रा राठौर, सीएचओ पांजरा कलां,बायना धुर्वे, आरती राजपूत आदि मौजूद रहे।

# समेरिटन्स की चारु ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




हाल ही में दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय कुराश प्रतियोगिता में समेरिटन्स विद्यालय की छात्रा चारु चिचाम ने 40 किलो वजन समूह में रजत पदक प्राप्त किया। चारु की इस उपलब्धि पर भारतीय कुराश महासंघ के तकनीकी अधिकारी राहुल व्यास, समेरिटन्स विद्यालय के संचालक डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, कोच वैशाली तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

**खबर संक्षेप**

### भारतीय बौद्ध महासभा की बैठक आज

**बैतूल।** भारतीय बौद्ध महासभा की बैठक आज गुरुवार 1 फरवरी को शाम 5 बजे पंचशील बौद्ध विहार सदर में आयोजित की गई है। बौद्ध महासभा के संदीप पाटिल से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में बौद्ध विहार प्रबंधन समिति के गठन पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय बौद्ध महासभा बैतूल के द्वारा संचालित बौद्ध विहार प्रबंधन समिति का गठन विगत वर्ष में किया गया था। जिसका कार्यकाल 26 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया है। पुनः प्रबंधन समिति के गठन पर चर्चा करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने भारतीय बौद्ध महासभा के सभी पदाधिकारी, सामाजिक, बौद्ध अनुयायियों से इस महत्वपूर्ण बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### 5 फरवरी को होगी राज्य स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता

**बैतूल।** कमांडो ग्रुप बैतूल द्वारा आगामी 5 फरवरी को जिला मुख्यालय पर लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में राज्य स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कमांडो अकादमी के डायरेक्टर आर्मी फिजिकल ट्रेनर पवन कुमार आहके ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती एवं अग्नि वीर रैली टेस्ट भारती के उद्देश्य से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ताकि युवा भर्ती रैली में शामिल होने के लिए फिजिकल एवं मानसिक रूप से मजबूत हो सके। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 2 मिनट 30 सेकंड में 800 मी दौड़ लगाना होगा, इसमें 50 युवाओं का बैच पास आउट होगा। दूसरे चरण में 2 मिनट 30 सेकंड में पास आउट जवानों को ही मौका दिया जाएगा जिसमें 800 मीटर दौड़ में टॉप 10 आने पर ही पुरस्कार दिया जाएगा। इस 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शामिल युवा अपनी स्वयं की जिम्मेदारी से भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग के लिए 10 हजार प्रथम पुरस्कार रखा गया है, वहीं महिला वर्ग के लिए 5 हजार प्रथम पुरस्कार है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पुरुष वर्ग को 250 प्रवेश शुल्क एवं महिला वर्ग को 150 प्रवेश शुल्क देना निर्धारित किया गया है। पुरुष वर्ग के लिए कुल 10 ईनाम एवं महिला वर्ग के लिए 7 इनाम निर्धारित किए गए हैं। दौड़ प्रतियोगिता सुबह 6 बजे से होगी। फिजिकल ट्रेनर पवन ने बताया युवाओं को डिफेंस की तैयारी के लिए राज्य स्तरीय टेस्ट रैली भर्ती का आयोजन किया गया है। टेस्ट रैली में शारीरिक प्रशिक्षण से कैसे गुजरना है,मार्गदर्शन करेंगे। पवन का कहना है कई युवाओं का सपना आर्मी, पुलिस में जाने का होता है, लेकिन सही मार्गदर्शन नहीं मिलने की वजह से उनका सपना अधुरा रह जाता है। इसलिए टेस्ट रैली में भर्ती से जुड़ी जानकारी के साथ-साथ फिजिकल ट्रेनिंग दी जाएगी।

### श्री माता मदिर में 3 फरवरी से शुरू होगी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

**बैतूल।** प्राचीन श्री माता मदिर शंकर नगर, लोहिया वार्ड में प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर 3 फरवरी से संगीतमय श्रीमद् भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। श्री माता मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक डब्बू तलेड़ा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि भागवत कथा के शुभारम्भ अवसर पर 3 फरवरी दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा वाचक पं. सुखदेव शर्मा प्रतिदिन दोप 2 से शाम 5 बजे तक प्रवचन देंगे। प्रथम दिन कथा माहत्म, भक्ति ज्ञान वैराग्य कथा, 4 फरवरी रविवार परिक्षीत जन्म, सृष्टि वर्णन, 5 फरवरी दिन सोमवार को ध्रुव चरित्र, भरत, प्रहलाद प्रसंग, 6 फरवरी दिन मंगलवार को हरि अवतार, समुद्र मंथन, श्रीराम, कृष्ण अवतार, 7 फरवरी बुधवार बाललीला, पुतना वध, श्री गोवर्धन पूजा, 8 फरवरी गुरूवार कंस वध, श्री रुकमणी विवाह, 9 फरवरी शुक्रवार को सुदामा चरित्र, परिक्षीत मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। 10 फरवरी दिन शनिवार को सुबह 11 बजे अभिषेक पूजन एवं रात्रि 8 बजे महाआरती, 11 फरवरी दिन रविवार महाप्रसादी वितरण दोप. 1 बजे से, रात्रि में 9 बजे से मॉ खेड़ापति देवी जागरण ग्रुप बैतूल द्वारा भव्य देवी जागरण की प्रस्तुति दी जाएगी।

देश में ईंधन संरक्षित तो भविष्य सुरक्षित अभियान चलाया जा रहा है

# सस्ती व सतत ऊर्जा की आपूर्ति देश की तरक्की के लिए सबसे जरूरीः बग्गा

### शासकीय एमएलबी विद्यालय में एलपीजी पंचायत में विद्यार्थियों को दी हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सस्ती व सतत ऊर्जा की आपूर्ति किसी भी देश की तरक्की के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत सूखते जा रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि ऊर्जा के नए स्त्रोत विकसित किए जाए जो पर्यावरण हितैषी भी हों। उक्त विचार शहर के शासकीय एमएलबी विद्यालय में मंगलवार को हिन्दुस्थान पेट्रोलियम कापोरेशन लिमिटेड के तत्वाधान में हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा एलपीजी पंचायत का आयोजन के दौरान भाजपा नेता कुल भूषण बग्गा ने यहां पर मौजूद बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि देश में ईंधन संरक्षित तो भविष्य सुरक्षित अभियान चलाया जा रहा है।

भाजपा नेता श्री बग्गा ने कहा कि विकास के इंजन को जारी रखने के लिए मानव ने जीवाश्मीय ईंधनों का जमकर दोहन किया है। अब स्थिति ब्रेकिंग प्वाइंट पर पहुंच चुकी है और दुनिया पर ऊर्जा संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पेट्रोलियम और गैस का इतना ज्यादा दोहन हुआ है कि उनके भंडार तेजी से कम हो रहे हैं। पेट्रोलियम व गैस के दोहन से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है जिसकी वजह से हमारी धरती का अस्तित्व ही खतरे में दिखाई पड़ रहा है। एक अनुमान के अनुसार, सन 2030 तक ऊर्जा की वैश्विक मांग वर्तमान की तुलना में 50 से 60 फीसदी तक बढ़ जाएगी। इस समस्या का हल खोजना बेहद जरूरी है। हमें आज ऊर्जा के सतत अक्षय स्त्रोतों के विकास की जरूरत है जिसमें हाइड्रोजन फ्यूल सेलों से लेकर विंड टार्बाइन तक शामिल हैं जिससे आम जिंदगी का कामकाज सुचारू रूप से चल सके। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से मौजूद स्वदेशी मंच के अरुषेंद्र शर्मा ने कहा कि एक मोटे अनुमान के अनुसार पेट्रोलियम के भंडार अगले 50 वर्षों के भीतर ही चुक जाएंगे। इसलिए हम एक बड़े ऊर्जा संकट के मुहाने पर खड़े हैं। पेट्रोलियम के पारंपरिक भंडार तेजी से चुक रहे हैं। जीवाश्मीय ईंधन ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के सबसे बड़े स्त्रोत हैं। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से ही जलवायु परिवर्तन की समस्या पैदा हो रही है जिससे हमारी धरती का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। इसलिए ईंधन की बचत बहुत जरूरी है। इससे पर्यावरण को हानि नहीं होगी। कार्यक्रम में एमएलबी की प्राचार्य रूप श्री नागेश, यूडीटी तस्लीम अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में छात्राएं मौजूद थी। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से संकल्प



दिलाया गया। उक्त आयोजन हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कापोरेशन लिमिटेड इंदौर एलपीजी क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल विक्रय क्षेत्र भारत अभिकरण सीहोर के तत्वाधान में आयोजित किया गया था।

## उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह का आयोजन



**सीहोर।** मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर में वार्षिकोत्सव एव विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय , विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी उपस्थित हुए । अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि उत्कृष्ट विद्यालय परिवार अनुशासित और परिवार की तरह है। विद्यार्थियों के सतत विकास और श्रेष्ठतम परीक्षा परिणाम से नगर में पहचाना जाता है। यहां बौद्धिक विकास के साथ संस्कार भी दिए जाते है। इसलिए इस विद्यालय के छात्र छात्राएं आज उच्च पदों पर आसीन है, और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय ने अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन में कहा कि मैं इसी विद्यालय का विद्यार्थी रहा हूं वर्तमान विद्यालय परिवार ने अपने अनुशासन एवं परिश्रम से पूर्व की गरिमा व गौरव को बनाए रखा है । विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करते हुए श्री राय ने कहा कि समय प्रबंधन और कठोर परिश्रम आपके लिए सफलता का द्वार खोल देते हैं मन लगाकर पढ़ाई करो सफलता निश्चित है।

विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी ने विद्यालय के शिक्षक, पालक और छात्रों के समन्वय की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने सतरंगी कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, ये पल जीवन में हमेशा याद रहते हैं। तत्पश्चात संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं सतत उन्नति के पथ पर अग्रसर विद्यालय परिवार के वार्षिक प्रतिवेदन में संपूर्ण विवरण के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा अतिथियों को मोमेंटम भेंट किए।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को वर्ष भर की राष्ट्रीय राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में सहभागिता उपरांत प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया।

### श्री राणा सांगा राजपूत सेना ने महाराणा सांगा की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम थुना कलॉ में मंगलवार को श्री राणा सांगा राजपूत सेना के सदस्य एवं पदाधिकारी द्वारा राणा सांगा की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर राजपूत समाज के कई वरिष्ठ जन एवं युवा साथी उपस्थित रहे। ग्राम थुना कलॉ सहित आसपास के ठिकानों के राजपूत सरदार भी एकत्रित हुए महान योद्धा मेवाड़ के गौरव एवं समस्त राजपूताना को एक सूत्र में पिरोने वाले वीर शिरोमणि महाराणा सांगा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्री राणा सांगा राजपूत सेवा द्वारा उन्हें नमन किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्राओं ने बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शपथ ली कि न तो नशा करेंगे न कभी किसी को करने देगें। समाज के भी नशा मुक्ति के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी तथा छात्राओं द्वारा छात्राओं, महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं दुकानदारों से नशा न करने के संकल्प एवं शपथ पत्र भी भरवाये गये। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा समस्त स्टॉफ एवं छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी। बापूजी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके जीवन पर आधारितएक डाक्यूमेटरी छात्राओं को प्रेरणा स्वरूप दिखायी गयी तथा छात्राओं ने बापू के आदर्शो एवं नशा मुक्ति को अपनाने की बात कही।

## बिना कोई हथियार उठाए भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराया: विकास अग्रवाल

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में मंगलवार को श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि आस्था के साथ मनाई गई। इस मौके पर रामधुन का आयोजन किया गया और यहां पर वृद्धजनों को फल का वितरण भी किया गया। इस मौके पर समिति की ओर से आश्रम के पदाधिकारी विकास अग्रवाल, जिला संस्कार मंच के संरक्षक मनोज दीक्षिम मामा, कमलेश राय सहित अन्य ने महात्मा गांधी के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। यहां पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि अपने विचारों की बदौलत उन्होंने बिना कोई हथियार उठाए




भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराया। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने अपने मूल्यों और सिद्धांतों से दुनिया भर के नेताओं को प्रेरित किया है।

कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि जिला संस्कार मंच के संरक्षक श्री दीक्षित ने कह कि गांधी जी के इस बलिदान की याद में हर साल 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई:** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। गोपालक मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें।

## शहीदों की स्मृति में दो मिनट का रखा मौन



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे महात्मा गांधी के बलिदान दिवस एवं शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया गया। शहीदों की स्मृति में दो मिनट के मौन के अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज से

**सारनी।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था न होने अवैध गतिविधियां बंद करने को लेकर आम आदमी पार्टी के माध्यम से सारनी के शॉपिंग सेंटर में स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष गुरुवार दोपहर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी बैठने का काम करेंगे। आम आदमी पार्टी के जिला संयुक्त सचिव सिराज खान ने बताया कि क्षेत्र में अचानक अवैध गतिविधियों का बढ़ना जैसे कोयला खनन,रेत परिवहन,सट्टा जुआ,शराब का कारोबार के अलावा अवैध तरीके से शासकीय शराबों की गली कुच्चे में बेचे जाने की वजह से क्षेत्र का माहौल दूषित हो रहा है। जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों को लिखित और मौखिक जानकारी देने के बाद भी व्यवस्था में किसी भी तरह का कोई सुधार नहीं आया है।

दुकानों के निर्माण की संभावनाएं तलाशी, नपाध्यक्ष, इंजीनियर थे मौजूद

## अतिक्रामकों के पुर्न व्यवस्थापन के लिए विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला मुख्यालय बैतूल को अतिक्रमण मुक्त कराकर सर्व सुविधायुक्त बनाने के साथ बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल अतिक्रामको के पुर्नव्यवस्थापन के लिए भी खासे चिंतित है। उन्होने मानना है कि बैतूल शहर व्यवस्थित भी हो जाये और अतिक्रमणकारियो को पुर्नव्यवस्थापन कर उनका रोजगार भी जारी रखा जाये। अतिक्रामको के पुर्नव्यवस्थापन के लिए बैतूल विधायक द्वारा शहर के विभिन्न इलाको में स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। बुधवार शाम को बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल ने नपा अध्यक्ष श्रीमती पार्वतती बाई बारस्कर और नपा के इंजीनियरो के



साथ अभिनंदन सरोवर का निरीक्षण कर वहां अतिक्रामको के पुर्नव्यवस्थापन के लिए दुकानों के निर्माण की संभावनाये तलाशी। इस दौरान नपा राजस्व समिति के सभापति तरूण ठाकरे भी मौजूद थे। बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल ने स्थल निरीक्षण के दौरान नपा के सहायक यंत्री नीरज धुर्वे एवं उपयंत्री नागेन्द्र वागद्रे को अभिनंदन सरोवर के आसपास की भूमि का मेजरमेंट कर दुकानों के निर्माण की प्लानिंग करने के निर्देश दिये।

6 हितग्राहियों को 24 लाख रुपए की राहत राशि स्वीकृति के आदेश

# 'राजस्व प्रकरणों के निराकरण व हितग्राहियों के भुगतान में अधिकारियों ने अच्छा काम किया'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं हितग्राहियों को उनके स्वत्वों के भुगतान में बैतूल जिले के राजस्व अधिकारियों ने बहुत अच्छा और सराहनीय काम किया है। विधायक श्री खंडेलवाल बुधवार को बैतूल के तहसील कार्यालय परिसर में आयोजित राजस्व महाअभियान के शिविर में हितग्राहियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं के हितग्राहियों को 4-4 लाख रूपये के स्वीकृति आदेश वितरित किए। महाअभियान के उद्देश्य की पूर्ति के लिए कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी ने निर्धारित अवधि तक लक्ष्य को अधिक से अधिक पूरा करने के निर्देश दिए है। शिविर में तहसील बैतूल के शहरी एवं ग्रामीण जनों की राजस्व संबंधी



समस्याओं के आवेदकगणों को सुना गया। इस दौरान 6 हितग्राहियों को 24 लाख रुपए की राहत राशि स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। शिविर में विधायक हेमंत खंडेलवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बारस्कर, जनपद उपाध्यक्ष, समस्त मंडल अध्यक्ष ग्रामीण एवं शहरी, पार्षदगण सहित अपर कलेक्टर जेपी सैय्याम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिषेक चौरसिया, तहसीलदार अतुल



श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार राजकुमार उईके, समस्त राजस्व निरीक्षक एवं पटवारीगण उपस्थिति थे। 4-4 लाख की क्षतिपूर्ति स्वीकृत शिविर में प्राकृतिक आपदाओं से हुई जनहानियों के प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की राहत राशि के स्वीकृति के आदेश वितरित किए गए। जिसमें ग्राम सोहागपुर निवासी श्रीमती सैयवंती पति आनंदराव, ग्राम बोरीकास निवासी शिवराम पिता गिरवन और अमर पिता सुन्दर, ग्राम दीवान चारसी निवसी जगोती पति भूरा, ग्राम उमरी जागीर निवासी देवकी पति सुन्दरलाल, ग्राम सेहरा निवासी भारती पति गंगाधर को राहत राशि स्वीकृत की गई। लगभग 60 प्रतिशत प्रकरण निराकृत राजस्व महाअभियान के दौरान चिन्हित किए गए फौती नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य मदों के 736 प्रकरणों में से 430 प्रकरणों को आदेशित किया गया। इसी प्रकार अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक दर्ज 12190 न्यायालयीन राजस्व प्रकरणों में से 10179 प्रकरण आदेशित किए गए। धारणाधिकार योजनांतर्गत प्राप्त 1529 प्रकरणों में से 655 में जांच की जा चुकी है। नक्शा तारमीम के 37010 नक्शों में से 30599 तरमीम किए गए। स्वामित्व योजनांतर्गत 163 ग्रामों में से 81 ग्रामों का स्वामित्व योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। 82 ग्रामों में कार्य प्रगतिरत है।

## आदिवासी दंपती ने एसपी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुम्हारटेक निवासी एक आदिवासी कोरकू दंपति ने पुत्र की हत्या के आरोप में पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। शिकायतकर्ता बिस्सो धोटे पति तेजीलाल धोटे ने शिकायत आवेदन में बताया कि विगत 9 जनवरी 2024 को उनके 16 वर्षीय पुत्र की संदेहास्पद तरीके से मृत्यु हो गई थी। पुत्र की लाश दूसरे दिन सुबह ग्राम कुम्हारटेक निवासी प्रहलाद राठौर के खेत में मिली थी। उन्होंने बताया कि पुत्र की मौत के बाद उन्होंने गंज थाने में हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए शिकायत की थी।पीड़ित दंपति ने बताया कि पुत्र की मौत के 20 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। जिससे उनके बेटे की मौत का कारण नहीं पता चल सका है। मृतक



के पिता तेजीलाल का कहना है कि जब उन्होंने मौके पर उनके बेटे की लाश देखी तो गले पर नाखून के निशान थे। दंपति ने बताया की हत्या के दिन उनका बेटा बसंत के साथ बाज़ार कर रहा था। बाज़ार में गांव का सुन्दरलाल और उसका दामाद उनके बेटे का पीछा कर रहे थे। दंपति ने आशंका व्यक्त की है कि सुन्दर लाल और उसके दामाद का भी इस घटना में हाथ हो सकता है। नर्सरी में लगे सीसीटीवी कैमरे से घटना के सम्बन्ध में सुराग मिल सकता है।

### 10वीं-12वीं की मुख्य परीक्षा के पूर्व विद्यार्थियों को सकारात्मक रहने की दी सलाह

# परीक्षा से घबराएं नहीं इसे आम दिनों की तरह मानते हुए तनाव रहित रहें: पुरोहित

परीक्षा एक ऐसा शब्द है जिससे विद्यार्थियों का मन भयभीत हो जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ तनाव से मुक्त होना चाहिए।

संदीप चतुर्वेदी ⏭ सोहागपुर

परीक्षा शब्द डरावना जरूर बनाया गया है लेकिन वास्तविकता इससे इतर यह है कि परीक्षा को वास्तव में सहजता , सरलता और शांत चित्त से पार-पास किया जा सकता है इसके लिए कोई अतिरिक्त तैयारी करने ना अवश्यकता है और ना ही परीक्षा को लेकर तनाव लेने की जरूरत है। परीक्षा सबसे बेहतरीन उदाहरण महाभारत में बताया गया है। महाभारत की लीला के अनुसार अज्ञात वास के दौरान जब पांडू पुत्र एक तालाब में जाते हैं तो तालाब में एक यक्ष प्रश्न पूछता है। जिसमे चार योद्धा यक्ष के प्रश्नों का जवाब ना देते हुए पानी लेने का प्रयास करते हैं जबकि युधिष्ठिर महराज द्वारा यक्ष के द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर दिया जाता है। जबकि वह इस परीक्षा की ना तो तैयारी करके आते हैं ना यक्ष के प्रश्नों को लेकर अधिक तनाव में आते हैं। वह यक्ष के प्रश्नों को लेकर बिल्कुल सहज और सरल मानकर यक्ष के सभी प्रश्नों का उत्तर देते हैं और अपने चारों अचेत भाइयों को चेतन्य अवस्था में भी लाते हैं। महाभारत के इस विशेष अंश से बच्चों को परीक्षा को लेकर तमाम तरह के उहापोह से बचने का संदेश मिलता है। इस कहानी से हमे यदि सबसे अधिक सीखने को मिलता है तो वह यह है कि परीक्षा कोई खास दिन नही बल्कि आम दिन की तरह होती है। सभी परीक्षार्थियों को हरिभूमि की विशेष सलाह है कि परीक्षा को लेकर कोई भी छात्र-छात्रा तनाव में ना आएं साथ ही अभिवावकों से अपील है कि वह अपने बच्चों से अधिक अपेक्षा ना रखते हुए उन्हें समान्य रहने पर सहयोग करें। परीक्षा को लेकर पहले और अब में अभूतपूर्व परिवर्तन सरकार द्वारा भी किए गए हैं। साथ ही सरकार के दिशा निर्देशानुसार शिक्षा विभाग का हर सदस्य अपनी जवाबदेहियों में छात्रों को तनाव रहित होकर परीक्षा देने में सहयोग कर रहे हैं। परीक्षा में तनाव रहित होकर परीक्षा देने को लेकर हरिभूमि संवाददाता सोहागपुर द्वारा विशेष चर्चा में अभिभावकों , शिक्षा विभाग और स्कूल संचालकों की आम राय यही है कि परीक्षा कोई विशेष अवसर , विशेष दिन नही है इसे समान्य मानते हुए छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हों।

#### तनाव रहित रहे विद्यार्थी

परीक्षा को लेकर सरकार के दिशा निर्देशानुसार छात्र छात्राओं को तनाव रहित रहने हेतु मार्गदर्शन और आवश्यक परामर्श दिया जाता है।

**राम भरोसे चौधरी,** विकास खंड शिक्षा अधिकारी

#### सामान्य रहने दें बच्चों को

माता पिता बच्चों से अधिक अपेक्षा ना रखते हुए बच्चों को सामान्य रहने में सहयोग करते हुए बच्चों को परीक्षाओं में सम्मिलित होने दें। छात्र अपनी दिन चर्या आम दिनों की तरह रखते हुए मौज मस्ती पर भी ध्यान दें।

**अभिनय सोनी,** संचालक, गैलेक्सी पब्लिक हाई स्कूल सोहागपुर

#### परीक्षा से घबराएं नहीं

परीक्षा से घबराएं नहीं इसे आम दिनों की तरह मानते हुए तनाव रहित होकर सभी छात्र परीक्षा दें, कोई विशेष तैयारी ना करें, छोटे और सरल प्रश्नों को पहले करें।

**कैलाश पुरोहित,** संकुल प्राचार्य, सोहागपुर

#### तुलना से बचाएं बच्चों को

माता पिता बच्चों से परीक्षा के परिणाम को लेकर अधिक उम्मीद ना करें, उन पर दबाव ना दें। खास तौर पर एक छात्र की तुलना अन्य छात्र से ना करें। माता पिता बच्चों को भरपूर नींद और पौष्टिक भोजन लेने में सहयोग प्रदान करें ।

**वर्षा संदीप चतुर्वेदी,** संचालक एसएस कॉन्वेंट स्कूल शोभापुर

#### पढ़ाई के साथ नींद जरूरी

पूरी रात न पढ़ें, पर्याप्त नीद जरूर लें यदि कुछ समस्या है तो शिक्षक, दोस्त या परिजनों से बात करते रहें सन्तुलित भोजन करें।

**अनिल गयरैय्या,** संचालक विवेकानंद हायर सेकंडरी स्कूल, सोहागपुर जिला नर्मदापुरम

#### परीक्षा कठिन नहीं होती है

परीक्षा शब्द जरूर चिंतामय करता है लेकिन परीक्षा कठिन बिल्कुल नहीं होती है । जो आपने वर्ष भर तैयारी की है उसी को सहज होते हुए रिवीजन करें । परीक्षा के परिणाम को लेकर आज से कल्पना और चिंता करना हितकारी नही होता है अतः इस पर बिल्कुल ना ध्यान दें।

**शंभू दयाल सराठे,** संचालक जेनिथ मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल शोभापुर

#### परीक्षा परिणाम को सहज स्वीकारें

जीवन में छात्र जीवन सबसे बेहतरीन जीवन होता है इसे महत्वाकांक्षा , अपेक्षा और हीन भावना से ग्रसित होकर जाया ना जाने दें । हर छात्र आईएएस नही बनता है इसका मतलब यह तो नही कि अन्य छात्र प्रतिभावान नही है । अतः खुद को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए परीक्षा में शामिल हो और जो परिणाम प्राप्त हो उसे स्वीकार करे।

**डॉ विकास दुबे,** संचालक भारतीय संस्कृति शिक्षण संस्थान


#### भ्रामक सूचना से बचें

भ्रामक खबरों पर ध्यान ना दें , अफवाहों से बचें और अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए परीक्षा दें। सफलता असफलता सिक्के के दो पहलू हैं इसमें हतोत्साहित-उत्साहित होने जैसी कोई नई बात नही है। जीवन बेशकीमती है इसका मूल्य समझें।

**पवन चौहान,** पत्रकार सोहागपुर

# रेल: यात्रियों में लोकप्रिय हो रहा है यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



- 30 दिनों में 121202 यात्रियों ने किया उपयोग
- रेलवे को रुपये 21,63,675 रुपए का राजस्व मिला

अनारक्षित टिकट यात्रियों के समय की बचत और लाइन में लगने की झंझट से निजात दिलाने के उद्देश्य से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में वाणिज्य रेल कर्मियों द्वारा लगातार चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप भोपाल मण्डल में यात्रियों के बीच यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप खूब प्रचलित हो रहा है। जिसके परिणामस्वरूप भोपाल रेल मंडल में जनवरी माह (01 जनवरी से 30 जनवरी 2024 तक) में 121202 यात्रियों ने इस मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने टिकट बुक किए, जिससे रेलवे को रुपये 21,63,675 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे मोबाइल टिकटिंग ऐप iपर यूटीएस के उपयोग को बढ़ावा दें और उपयोग से जुड़े हितों का लाभ उठाएं। भोपाल मंडल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा उपलब्ध है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप शुरू करने का मकसद डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करना, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें।

#### मोबाइल ऐप का विवरण

- गूगल प्ले स्टोर, विन्डों स्टोर एवं एप्पल स्टोर पर यूटीएस नाम से ऐप उपलब्ध है।
- उपरोक्त किसी भी स्टोर से ऐप डाउनलोड करें।
- ऐप पर रजिस्ट्रेशन हेतु साइन अप करें। मोबाइल ऐप का उपयोग कैसे करें
- टिकट बुक करने हेतु लॉगिन करें।
- लॉगिन आईडी मोबाइल नम्बर में रजिस्टर करें।
- मैसेज के द्वारा प्राप्त चार अंको के पासवर्ड का उपयोग करें।
- टिकट बुक करने हेतु आर-वालेट का उपयोग करें।
- वर्तमान में आर-वालेट को रिचार्ज करने पर रेलवे 3 प्रतिशत बोनस भी देती है।
- आर-वालेट को डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई अथवा यू.टी.एस. काउन्टर द्वारा न्यूनतम रुपये 100 रुपए तथा अधिकतम रुपये 9500 रुपए तक रुपये 100 रुपए के गुणांक में रिचार्ज करें।

#### मोबाइल ऐप के लाभ

- आपका मोबाइल ही आपका टिकट है।
- मोबाइल आफ लाइन मोड में होने पर भी टिकट दर्शाया जा सकता है।
- त्वरित टिकिट बुक करें।
- लंबी कतार से बचें एवं समय की बचत करें।
- प्रारंभिक स्टेशन से 30 मीटर तथा अधिकतम 20 किमी के दायरे में टिकट बुक किये जा सकते हैं।
- पेपर की बचत, गो पेपरलेस, गो कैशलेस ऐप द्वारा तनाव रहित टिकट बुक करें। मोबाइल ऐप पर उपलब्ध सुविधाएं
- अनारक्षित टिकिटों की बुकिंग।
- सीजन टिकिट जारी एवं नवीनीकरण करें। – पेपर टिकिट एवं पेपरलेस टिकिट दोनों प्रकार के टिकट प्राप्त किये जा सकते हैं।
- आर-वालेट की शेष रकम चेक करें।
- आर-वालेट सरेन्डर कर किसी भी स्टेशन पर रकम प्राप्त करें।
- आवश्यकतानुसार प्रोफाइल उपयोग करें।
- बुक किए टिकटों का विवरण चेक करें।

# मंदिर में की गई राधा कृष्ण की प्राण-प्रतिष्ठा

### भंडारा और धार्मिक कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी

श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ग्राम पलिया पिपरिया मे 25 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किया गया 31जनवरी को दोपहर 12.30 बजे अनंत विभूषित श्रीश्री 1008 रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार के सान्निध्य में राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा नवनिर्माण मंदिर मे की गई, श्रीमद भागवत कथा का रसपान पं अंकित पचौरी के मुखारविंद से किया गया।

रात्रि 8 से 12 बजे तक वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा रासलीला का आयोजन, राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने धर्म लाभ लिया।

### जल संसाधन विभाग के टाइम कीपर पवार सेवानिवृत्त



**सेमरी हरचंद।** नगर के जल संसाधन विभाग में टाइम कीपर के पद पर पदस्थ राजू पवार 64 वर्ष की आयु में सेवानिवृत हुए उनकी सेवानिवृत्ति पर स्थानीय जल संसाधन विभाग के कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों ने उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया जिसमें उन्हें शाल श्रीफल से सम्मानित किया एवं पुष्पहार पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

# राह बनाते शिक्षक सम्मेलन: शिक्षकों ने किया अपने-अपने अनुभव साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



जनपद शिक्षा केंद्र सोहागपुर कार्यालय में जनपद शिक्षा केंद्र एवं एकलव्य फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में राह बनाते शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना और स्वागत परंपरा के पश्चात इस सम्मेलन की विधिवत शुरुआत की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, एस डी एम ब्रजेन्द्र रावत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामभरोस चौधरी और कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसी राकेश रघुवंशी ने की। इस दौरान बीएसी पोहप सिंह अहिरवार, मैथिली शरण पटेल, राजन सिंह रघुवंशी भी मौजूद रहे। बीआरसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में निर्णायक मंडल का गठन किया गया। जिसमें वरिष्ठ एवम् अनुभवी शिक्षको का चयन किया गया। निर्णायक मंडल में रामगोपाल पटेल, शंकर सिंह पंद्रराम शामिल थे। कार्यक्रम में जन शिक्षक और एकलव्य फाउंडेशन टीम से करूणा, प्रदीप चौबे, मुकेश यादव, रामभरोस गोलिया, शिखा गुप्ता, नीति साहू एवं श्रध्दा केवट, दशरथ पटेल शामिल रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन जितेन्द्र बैरागी द्वारा किया गया। सम्मेलन में लगभग 70 शिक्षकों ने सहभागिता की। जिसमें 21 शिक्षकों ने कक्षा, कक्ष के अनुभव, टीएलएम का निर्माण एवं उसकी उपयोगिता, पुस्तकालय से जुड़े अनुभव, एफएलएन से जुड़े,बच्चों की केश स्टडी आदि पर अपने अनुभव साझा किए। सम्मेलन में आए अतिथियों एवम पदाधिकारियों का आभार शिखा गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

# बाइक सवारों ने वृद्ध को लूटने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सांई कॉलोनी निवासी राजेंद्र शक्तावत 74 वर्ष जब केनरा बैंक से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी मोटरसाइकिल सवारो ने उनका पीछा किया और साइन कॉलोनी के गेट के पास आजाद इंडेन गैस एजेंसी के सामने उन्हें रोका और उनसे कहने लगे गांजा चरस का धंधा करते हो तुमने सोने की चेन अंगूठी पहनी है तुम्हें मालूम है सोना पहनना अलाउड नहीं है।

सोना निकालो कभी एक सामने से बुलेट मोटरसाइकिल वाला आया इन लोगों ने उसे भी रोका और उस अंगूठी ली और कागज की पुड़िया में रख ली और मुझसे कहने दादा जी तुम्हें समझ में नहीं आ रही है। चैन अंगूठी निकालो मैं घबरा गया मुझे कुछ समझ में नहीं आया मैंने लोगों को आवाज़ लगाई जब तक यह लोग भाग गए। मैंने पुलिस में इसकी मौखिक सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआया किया जब तक यह लोग भाग चुके थे। इन अज्ञात लोगों को पकड़ा जाए।

जिससे अन्य कोई नागरिक के साथ इस प्रकार की घटना ना हो लोगों को लूटने से बचाया जाए संबंध में टी राजपाल यादव का कहना है कि नागरिकों को जागरूक रहने की आवश्यकता है पुलिस इस तरीके की कोई चेकिंग नहीं करती है किसी ने चैन अंगूठी अगर पहनी है तो वह उनसे उतार कर देने की नहीं कहती है अनजान लोग अगर इस प्रकार की वारदात करने की कोशिश करते हैं तो किसी के साथ भी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### रेलवे स्टेशन की पार्किंग के संचालक ने पैसों से भरा बैग लौटाया

**पिपरिया।** पचमढ़ी रोड रेलवे स्टेशन परिसर पर पार्किंग के संचालक को एक पूर्व सैनिक का पर्स मिला जिसमें पैसे भरे हुए थे संयोग से पार्किंग के संचालक के मिल गया 4 घंटे बाद पूर्व सैनिक परेशान होकर पार्किंग पहुंचा तो पर्स सही सलामत उसे संचालक के द्वारा लौटाया गया। सैनिक ने बताया कि जहां वर्तमान समय में लोकतंत्र पैसों के लिए विक जाते पर वर्तमान समय में पार्किंग पचमढ़ी रोड के संचालक विनोद नगोत्र उर्फ गुड्डू अन्ना ने पर्स ईमानदारी से वापस करते हुए मिसाल पेश की है सैनिक एसपीएम होशंगाबाद में अपनी गार्ड की ड्यूटी पर जा रहे थे उनका पर्स पार्किंग में जमीन पर गिर गया जिसमें लगभग 8000 थे उन्होंने काफी ढूंढा लेकिन 4 घंटे बाद में जब लौट कर पार्किंग पहुंचे तो वहां पर पार्किंग संचालक से चर्चा की तो उन्होंने ईमानदारी के साथ पर्स लौट आया जिस पर सैनिक के द्वारा अन्ना गुड्डू को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया इस कार्य की लोगों ने काफी सराहना की।

# शासकीय सेवा से निवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन के नियम अनुसार 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर शासकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति करने के निर्देश शासन के द्वारा जारी किए थे। के अंतर्गत 31 जनवरी 2024 को लगभग आधा दर्जन सरकारी विभागों में कर्मचारी अधिकारी सेवानिवृत हुए। जिसमें जनपद पंचायत के पंचायत समन्वयक अधिकारी पीएन साहू के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम के द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष तिवारी, तहसीलदार वैभव बैरागी, जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे, उपाध्यक्ष कुसुम लता, भगवान सिंह पटेल एवं जनपद पंचायत में पदस्थ सभी पंचायत समन्वयक अधिकारी ग्राम पंचायत के सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर एवं रोजगार सहायकों की उपस्थिति के बीच कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। आज का संचालन जेडी सोनी के द्वारा किया गया मधु तिवारी एवं शैलेश भदोरिया ने बताया कि साहू के द्वारा सफलतापूर्वक 62 वर्ष का कार्य काल पूर्ण करके सेवानिवृत हुए हैं। इसी तरह से विद्युत यंत्र की लाइट मशीन नलकूप एवं गेट विभाग में लेखपाल के पद पर पदस्थ रहे अनिरुद्ध पुरोहित भी सेवानिवृत हुए जिनकी एसडीओ ने तथा स्टाफ के समस्त लोगों के द्वारा पुरोहित को शाल श्रीफल के साथ सम्मानित करते हुए उन्हें सेवानिवृत होने पर विदाई दी। अच्छी तरह नगर पालिका परिषद में पदस्थ रहे बेनी सिंह भी सेवानिवृत हुए उनके सेवानिवृत्ति कार्यकाल पर भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरपी नायक अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल एवं स्टाफ के सभी अधिकारी कर्मचारियों की स्थिति में बेनी सिंह को भी विदाई दी गई। आधा दर्जन के विभागों में कर्मचारियों अधिकारियों को सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. कुमकुम जैन सेवानिवृत्त, दी विदाई



**इटारसी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कुमकुम जैन लगभग 42 वर्ष की शासकीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत हो गई हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया। महाविद्यालय परिवार ने डॉ. कुमकुम जैन का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। डॉ. जैन ने पूर्व में प्राचार्य का दायित्व सफलता के साथ पूर्ण किया। इन्होंने ने महाविद्यालय की ख्याति को उच्च स्तर पर पहुंचाया है। इस अवसर पर डॉ. हरप्रीत रंधावा, मंजरी अवस्थी, पूनम साहू, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ. संजय आर्य, डॉ. नेहा सिकरवार, डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ. श्रद्धा जैन, तरुणा तिवारी, हेमंत गोहिया, शोभा मीणा, क्षमा वर्मा, प्रिया कलोसिया, करिश्मा कश्यप, सरिता मेहरा, एनआर मालवीय, सुरेश मालवीय, एसके कुशवाहा, हरिशंकर निगोते, गजेंद्र भदौरिया, बीना बाई, गुलाब बाई उपस्थित थीं।

### शिक्षकों ने बच्चों को प्रदान किए टेबल और बेंच



**सेमरी हरचंद।** समीपस्थ ग्राम गोल की प्राथमिक शाला के शिक्षकों द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अध्ययन हेतु 6 टेबल एवं 6 बेंच प्रदान की इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला गोल के भूतपूर्व प्रधान पाठक श्याम सुंदर पटेल साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिशुपाल बरकड़े विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक उमेश कुमार सोनी राजेश मेहर ग्रामवासीय तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# एकेडमिक बैंक क्रेडिट डिजिलॉकर में पंजीयन की कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में एकेडमिक बैंक क्रेडिट डिजिलॉकर में पंजीयन की कार्यशाला में बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को डिजिलॉकर में एबीसी पंजीयन करना अनिवार्य है, तभी विद्यार्थी के परीक्षा फॉर्म महाविद्यालय स्तर से विश्वविद्यालय को अग्रेषित किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने विषय डिजिलॉकर पंजीयन प्रक्रिया पर बात रखते हुए कहा कि प्रत्येक स्टाफ की नैतिक जिम्मेदारी है कि समय सीमा में काम करें। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि 31 मार्च से पूर्व प्रत्येक विद्यार्थी का डिजिलॉकर पंजीयन करना अनिवार्य है। शिक्षक विशेष रुचि लेकर कार्य को संपादित करें जिससे समय सीमा में कर संपादित हो सके। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रश्मि तिवारी ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से महाविद्यालय स्टाफ को डिजिलॉकर की पंजीयन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया तथा स्टाफ की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। संचालन करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी डॉ संतोष अहिरवार ने प्रक्रिया को किस प्रकार संपादित करना है, रिकॉर्ड का संधारण, पंजीयन की प्रक्रिया, निर्धारित लक्ष्य एवं जिज्ञासाओं के समाधान करते हुए समय सीमा में को लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही है।

### छठवें दिन की कथा में श्रद्धालुओं ने किया राम रसपान, उमड़े भक्तजन

# राम से बड़ा राम का नाम: साध्वी प्रेमलता मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

माखन नगर तहसील अंतर्गत ग्राम उमारखेड़ी में छठे दिन भी श्री राम महायज्ञ जारी रहा एवं विराट मानस सम्मेलन में उपस्थित मिथिला पीठाधीश्वर जगतगुरु विष्णु देवाचार्य के सानिध्य में चल विराट मानस सम्मेलन में आज छठे दिन भी रामचरितमानस व्यास राजेंद्र दास महाराज उमारखेड़ी के संत प्रेमदास महाराज एवं भोपाल की राष्ट्रीय भागवत मानस प्रवक्ता प्रेमलता मिश्रा द्वारा रामचरितमानस एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम विषय पर प्रेरणादायी प्रवचन दिए गए एवं मानव सम्मेलन में राम कथा के साथ-साथ भक्ति संगीत से भी ग्राम उमारखेड़ी में हजारों




श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति रस का रसपान किया जा रहा है साध्वी प्रेमलता मिश्रा ने अपने प्रवचन में राम से बड़े राम के नाम की व्याख्या करतें हुए बताया कि सेतु निर्माण के समय बड़े-बड़े पत्थरों पर केवल राम का नाम लिखने से 100 योजन समुद्र में पत्थरों को तैरा कर समुद्र पर सेतु बांध दिया एवं सेतु निर्माण में राम के कार्य हेतु वानर भालू एवंछोटी सी गिलहरी ने अपना योगदान दिया।

इस तरह राम का नाम राम से बड़ा है एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने वनवास के समय समस्त समाज को एकता के सूत्र में बांध इसलिए रामचरितमानस एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन प्रेरणादाई है एवं सारे संसार के लिए लोक कल्याणकारी है उमारखेड़ी में जारी यज्ञ में हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन यज्ञ का दर्शन कर रहे हैं एवं यज्ञ की सुगंध से समस्त क्षेत्र सुगंधित एवं पवित्र हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से की मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत

**हरदा।** जिले की ग्राम पंचायत बालागांव के कुछ मजदूरों ने कलेक्टर से शिकायत कर उनके द्वारा की गई मजदूरी की राशि सरपंच व सचिव के द्वारा व्यक्तिगत काम में उपयोग लेने का आरोप लगाया है। मजदूरों का कहना है कि गांव के वार्ड क्रमांक 13 में 70 मीटर आरसीसी के निर्माण में 16 मजदूरों ने मजदूरी की गई थी। जिसकी कुल राशि दो लाख 38 हजार रुपए की राशि पांच महीने बाद भी उन्हें नहीं मिल पाई है। मजदूरों का कहना है कि पहले तो सरपंच ओर सचिव के द्वारा मजदूर नही मिलने की दशा में नगद राशि देने को कहा गया था, लेकिन बाद में सभी मजदूरों को उनके खाते में राशि डालने का आश्वासन देते रहे जो अब तक किसी मजदूर को नही मिल पाई है। सभी मजदूरों ने एकमत होकर कलेक्टर से उनकी बकाया राशि दिलाने की गुहार लगाई है।

### जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम आज

**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 फरवरी को मुरैना में प्रदेश के 7 लाख से अधिक युवाओं को 5151 करोड़ 18 लाख 90 हजार की ऋण राशि देकर युवाओं को रोजगार संपन्न बनाने के संकल्प की शुरूआत करेंगे। इससे संबंधित जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम 1 फरवरी को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र हरदा ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले में लाभान्वित हुए हितग्राहियों को आमंत्रित कर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएंगे।

### स्वास्थ्य शिविर आज

**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से ब्लाक स्तर पर जीवनम स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचपी सिंह ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जीवनम स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने बताया कि 1 फरवरी को टिमरनी नगर के वार्ड न.15, खिरकिया के वार्ड क्रमांक 15 एवं हंडिया के ऑगनवाडी केन्द्र क्रमांक 1 में जीवनम स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में हितग्राहियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, परामर्श, उपचार सेवा के साथ गर्भवती माताओं एवं बच्चों का टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, गर्भावस्था दौरान सेवाएं, एनसीडी, आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी निर्माण, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया की जांच की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि जिले में अब तक आयोजित 151 जीवनम स्वास्थ्य शिविरों में 29716 हितग्राही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ ले चुके हैं।

---


नगर निगम के नाम पर कांग्रेस ने भीख मांगकर विकास के लिए किया पैसा इकट्ठा

# नगर निगम में फिजूल खर्चे के विरोध में कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

### नगर निगम का रवैया नहीं सुधरा तो प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में करेंगे धरना प्रदर्शन : राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

विभिन्न मुद्दों के संबंध में नगर निगम के बाहर कांग्रेस द्वारा सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर, कांग्रेस पार्षद दल, जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नागरिकों की चिंताओं को व्यक्त करने के लिए है जो पिछले दो वर्षों में विकास की कमी, भ्रष्टाचार के आरोप और कांग्रेस पार्षदों के प्रति भेदभाव के संकटों का सामना कर रहे हैं इन सबकों लेकर बुधवार को प्रातः 11.30 बजे नगर निगम के बाहर प्रदर्शन किया गया।



जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया की धरने के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ने कहा कि नगर निगम में सिर्फ विकास कार्य ही ठप नहीं है अपितु जो मूलभूत सुविधा जिसका नगर निगम का दायित्व बनता है जिसमें प्रकाश, सड़क, पानी, नाली, साफ-सफाई, उसमें हमारा नगर निगम एक बहुत ही पिछड़ा हुए रूप में सामने दिखता है इतने सारे फिजूल खर्च कर रहे हैं, जबकि उनको मालूम है कि उनके पास यदि आर्थिक साधन नहीं है तो फिजूल खर्च करने के बजाय मूलभूत सुविधाओं पर खर्च करना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता घनश्याम राठौर ने कहा की कांग्रेस पार्षदों के साथ विकास कार्य करवाने में भेदभाव किया जा रहा है जो उचित नहीं है जबकि भाजपा की डबल इंजन की सरकार है तो विकास में इतनी रुकावट क्यों हो रही, जबकि खंडवा के लोग विकास की तरस रहें बाय पास रिंग रोड की मांग वर्षो से हो रही परंतु इस पर कोई सुनवाई नही हो रही है।

नगर निगम को हर व्यक्ति टैक्स देता है। निगम का दायित्व है कि सबको एक नजर से देखे व विकास कार्य में भेदभाव ना करें। हम मांग करते हैं महापौर से नगर निगम के जिम्मेदार लोग से की वह विकास पर ध्यान दें, साथ ही यह आमजन के लिए आंदोलन है ना की व्यक्तिगत। इन सभी बातों को लेकर हमारे कांग्रेस दल के पार्षद, नेता प्रतिपक्ष एवं समस्त कांग्रेसजन धरने पर बैठे हैं।

नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लु राठौर ने कहा कि यहां पर पार्षद, महापौर, विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री तक भाजपा के हैं यह कांग्रेस वार्डों में कार्य नहीं करवा रहे हैं और भेदभाव कर रहे हैं हम काम मांगने जा रहे हैं तो बताते हैं कि वित्तीय संकट है नगर निगम में पैसे नहीं है हमने कहा कि जब आपकी वित्तीय स्थिति ठीक थी व फंड था तब भी हमारे कांग्रेस पार्षदों के वार्डो में कौन सा कार्य हो गया, तो उनके पास कोई जवाब नहीं है इन्होंने फर्जी बिल लगा लगा कर नगर निगम को बर्बाद कर दिया है इसलिए नगर निगम की वित्तीय स्थिति खराब हुई है यही कारण है कि हम सभी कांग्रेस के पार्षद एवं समस्त कांग्रेस संगठन यहां बैठकर नगर निगम के नाम पर भीख मांग रहा है और जो भी इसे पैसा आएगा वह नगर निगम कोष में जमा करवाएंगे, और बोलेंगे कि इससे विकास कार्य किया जाए भले ही हमारे वार्ड में छोटे-मोटे टेपर ही बना दिया जाए जो हजार,देढ़ हजार का जो फंड इकट्ठा होगा उसकी हम रसीद लेंगे और यह मांग करेंगे काम से कम एक टेपर ही बना दिया जाए कम से कम हम वार्ड में बोले तो सही के हमारे द्वारा एक टेपर बनाया गया है। नगर निगम के बाहर कांग्रेस द्वारा भीख मांगकर कुल 1380 रुपये इकट्ठे किए एवं नगर निगम के कोष में जमा कर रसीद बनवाई।

शहर में कायाकल्प योजना के काम अधूरे पड़े हैं, खंडवा में विकास कार्य के काम अधूरे पड़े हैं, एचडीआरएफ योजना के काम अधूरे पड़े हैं, ब्रिज के काम बंद पड़े हैं, खंडवा में एक भी विकास के कार्य नहीं हो रहे हैं। क्या कारण है कि खंडवा में एक ब्रिज बनाने में 5 से 8 साल लग जाते हैं बड़े शहरों में तो 6 महीने में ब्रिज तैयार हो जाते हैं। यह सब अंधेर नगरी चौपट राजा हो गया है। दीपक राठौर ने कहां की आज तो हम सांकेतिक तौर पर धरने पर बैठे हैं, मांगे नहीं मानी गई तो जल्द ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में हम यहां बड़ा घेराव करेंगे और उनकी ईट से ईट बजा देंगे, भ्रष्टाचार करके अपना घर नहीं भरा जाता है शहर का विकास किया जाता है इनको समझा देंगे।

नगर निगम खंडवा में सभी ठेकेदार भाजपा का कार्यकर्ता है ऐसा क्यों खंडवा की जागरूक जनता अब इनसे हिसाब मांगेगी। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा, घनश्याम राठौड़, नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लु राठौड़, अजीज मदनी, जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन, ओम सिलावट, हुकुम मेलुन्दे, डॉ चैनसिंह वर्मा, यशवंत सिलावट, शहजाद पवार, रितेश मेलुन्दे, शराफत खान, असलम गोरी, मोइज खान, तारिक बबलू पटेल, शब्बीर कादरी, मनोज मंडलोई, चंदू कसेरा, फरीद भाई, कन्हैया वर्मा, शेख अबरार, अय्यूब लाला, लोकेंद्र गंगराड़े, वामनराव जाधव, श्रीमती निर्मला मालवीय, मीनू मंडलोई, कामिनी मंडलोई, मीना वर्मा, अतुल रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं शहरवासी शामिल हुए।

---

## होटल व्यवसायी से की मारपीट, एनएसयूआई अध्यक्ष और भाई पर मामला दर्ज, बस स्टैंड पर हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर के नया बस स्टैंड पर मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक होटल व्यवसायी के साथ आकर मारपीट करने को लेकर दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। नया बस स्टैंड क्षेत्र में रहने वाले शिकायतकर्ता वसीम पिता अख्तर खान ने बताया कि सोमवार को उसके मामा अमजद का बेटा जहद शहर के एसएसजीवी स्कूल से घर आ रहा था। इस दौरान उसका और सोनू चौहान एवं अन्य लड़कों से किसी बात को विवाद हो गया था। जिसमें उन्होंने बीच बचाव कर राजीनामा कर लिया था। लेकिन मंगलवार को शाम करीब साढ़े चार बजे के आसपास जब मैं अपनी होटल में काम कर रहा था। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष योगेश चौहान अपनी कार से एवं उसका भाई सोनू चौहान और कुछ लड़के मुंह पर कपड़ा बांधकर होटल पर आए और सोनू चौहान ने गाली गलौज की। होशियार बनने की बात कहते हुए हाथ में रखे किसी धारदार हथियार से पेट में मारा। वहीं अन्य लोग लकड़ी, डंडों ओर बैसवाल से हमला करने लगे। जिससे सिर और पेट से खून आने लगा। इस दौरान जब वह चिल्लाने लगा तो उसके भाई इमरान, मोसीन एवं अमान ने बीच बचाव किया। इस दौरान उनके साथ युवकों ने होटल का सामान फेंक दिया। जिसमें होटल के गल्ले में रखे आठ हजार रुपए भी उसे नहीं मिले हैं। वहीं जाते-जाते सभी लोग यह कहकर चले गए आज तो बच गया, आगे होशियार बना तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने वसीम की शिकायत पर आरोपी सोनू एवं योगेश चौहान के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 147, 149 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का शहर में हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत



**हरदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ शहर में निकले पथ संचलन में साहस, शौर्य, धैर्य और पराक्रम के प्रतीक पथ संचलन नगर में नेहरू स्टेडियम से शुरू हुआ। सबसे पहले अस्पताल चौक से होता हुआ प्रताप टाकीच से निकलते हुये महाराणा प्रताप चौराहे से वापस स्टेडियम पहुंचा। मुख्य चौराहे पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तो जगह-जगह अन्य कार्यकर्ताओं ने भी पथ संचालन पर पुष्प बरसाए। इससे पहले वक्ताओं ने देश की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए लोगों का आह्वान किया।

---

कलेक्टर ने निर्वाचित प्रत्याशी की घोषणा कर जीत का प्रमाण-पत्र दिया

## संपन्न हुए चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी वानखेड़े 1990 वोटों से जीतीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 2 सदस्य के लिए संपन्न चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी हापला निवासी पिंकी सुदेश वानखेड़े जिनका चुनाव चिन्ह बैलगाड़ी था, उन्होंने चुनाव में 6278 मत प्राप्त किए और निर्दलीय प्रत्याशी सुनीता बजरंग भोरे जसवाडी को 1990 मतों से पराजित किया।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सुनीता भोरे को 4288 मत प्राप्त हुए। तीसरे नंबर पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी प्रतिभा रणधीर कैथवास सिहाडा रही, जिन्हे 4037 पद प्राप्त हुए। अन्य उम्मीदवारों को अलकनंदा वासुदेव अटूट अहमदपुर खैगांव को 498, जयश्री बाई भालसे जामलीमुंदी को 589, ज्योति बाई बड़गांव माली को 2548, किरण मोहे सहेजला को 566, कुमारी नर्मदा मोहे पलकना 748, सरोज राधेश्याम रणभोरै पलकना को 1405, शानू सावनेर सिवना को 1171, सीमा बाई राजू नहल्दा को 1676 ,सोनू मनोज दानल धरमपुरी को 127, सुंदर बाई मानपुरा को 1246, सुनीता किशन कनाड़े बोरगांव खुर्द को 555 और नोटा को 187 मत प्राप्त हुए, कुल मत 25909 रहे। 30 जनवरी को संपन्न हुई मतगणना के परिणाम 31 जनवरी को जिला कलेक्टर कार्यालय में मतगणना की घोषणा की गई, जिसमें पिंकी सुदेश वानखेड़े को विजयी घोषित किया गया। जिला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 2 की निर्वाचित सदस्य पिंकी वानखेड़े को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पटेल, अमर यादव, प्रवक्ता सुनील जैन, श्रृंगी उपाध्याय, सुदेश वानखेड़े, अनिमेष जोशी, एडीएम काशीराम बडोले, एसडीएम अरविंद चौहान, जय सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई ने किया हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई ने मंगलवार को गोसाईं मंदिर में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें समाज की महिलाओं ने अपने घरों में तैयार उत्पादों के स्टॉल लगाकर अन्य महिलाओं को स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिलाओं का सम्मान किया गया। वहीं अलग-अलग घरेलू व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं ने अपने स्टॉल लगाकर अपने उत्पाद की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ड्रा द्वारा सुहाग सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वागत उद्बोधन महिला इकाई अध्यक्ष ममता पाठक ने समाज की महिलाओं को अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद प्रदान करने को ले घरेलू सामग्री तैयार कर उन्हें मार्केट उपलब्ध कराने की बात कही। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का संचालन विनीता राजोरिया एवं मीना ओझा ने किया। दर्शना पांडे द्वारा ड्रा के दौरान रोचक तरीके से सुहाग सामग्री भेंट की गई। अंत में आभार सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई सचिव अदिति गुरु ने व्यक्त किया।




कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने उन्हें प्रेरित करने के लिए व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जया साकल्ले, नेहा राजवैद्य, शिवानी उपरीत, अमृता गुरु, सुधा दीप्ति प्रीति पुरोहित, मनीषा डाले, वर्षा कांकर, पायल मिश्रा, ऋतु बादर, शानू शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। महिलाओं ने स्टॉल लगाए जिसमें उन्होंने अपने उत्पाद की जानकारी दी। वहीं नौकरीपेशा महिलाओं ने भी स्वावलंबन के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिलाओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किए।

### महिलाओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान अपने क्षेत्र में बेहतर करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान हीरापुर सरपंच साधना व्यास, वरिष्ठ सदस्य सीता शर्मा, आशा बादर, कीर्ति तिवारी, विनीता राजोरिया, मालन विपट, निशा जोशी, सरोज गुरु, प्रमिला खंडेलवाल, पूजा तिवारी का सम्मान हुआ। वहीं खिरकिया इकाई से उपस्थित करुणा मिश्रा, प्रमिला भटेले, स्वीटी शर्मा, दीपिका भटेले का सम्मान हुआ।

---

## शहर में खड़े ट्रकों को चोर बना रहे निशाना, दो ट्रकों से बैटरी चोरी

**खरगोन।** शहर में सड़क किनारे आसपास खड़े ट्रकों को चोर निशाना बना रहे हैं। बैटरी और डीजल चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने जिले के मेनगांव थाना प्रभारी निरीक्षक को शिकायत पत्र देकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। उन्हें शिकायत पत्र सौंप कर बताया कि आजकल एक ऐसा गिरोह सक्रिय है जो रोज वाहनों से डीजल और बैटरी सहित अन्य सामान चुरा रहा है। शहर के व्यस्ततम मार्ग और रहवासी क्षेत्रों में खड़े ट्रको को अज्ञात बदमाश रात के समय निशाना बना रहे है। इन ट्रको से बैटरी, डीजल सहित लोड किया सामान भी चोरी हो रहा है। दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। चोरी की वारदातों से ट्रक आपरेटर चिंतित है। बीती रात चोरों ने सुखपुरी में सड़क किनारे खड़े ट्रको से बैटरियां चुरा ली।

ट्रक संचालक वाहिद शाह, हारून खान, इस्माइल खान ने बताया कि ट्रक से पार्टस एवं लोड किया सामान चोरी होने से ट्रक ऑपरेटर भयभित हैं। आए दिन यह वारदातें हो रही है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात सुखपुरी कसरावद रोड के किनारे मैदान पर चार से पांच ट्रक खड़े थे, जिसमें वाहिद शाह के वाहन क्रमांक एमपी 09 केसी 8401और हारून खान के वाहन क्रमांक एमपी 09 केडी 2543 से करीब 25000 हजार रुपए मूल्य की दो बड़ी बैट्री चोरी हो गई है। ट्रक संचालकों ने पुलिस से चोरी की वारदातों को रोकने की मांग की है।

## 11 लाख 20 हजार रुपए की एमडी ड्रग्स का तस्कर पुलिस गिरफ्त में

**हरदा।** पुलिस टीम द्वारा तस्कर से 56 ग्राम एमडी ड्रग्स जप्त की गई, जिसकी कीमत 11 लाख 20 हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस टीम को एमडी ड्रग्स तस्करी के संबंध में सूचना कि एक व्यक्ति जिसका हुलिया पहचान स्वरूप बताई गई जो कोटल्याखेडी रोड पर पैदल जा रहा है। जिसके पास एमडी ड्रग्स है जिससे घेराबंदी कर रोका गया, जिससे पूछताछ पर उसने अपना नाम दीपक उर्फ टशन पिता सुरेन्द्र राजपूत उम्र 23 साल निवासी टॉवर मोहल्ला पिपरिया नर्मदापुरम का होना बताया। तलाशी पर उसके कब्जे से 56 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। जिसकी कीमत 11 लाख 20 हजार रूपए आंकी गई। उक्त कार्रवाई पर थाना हरदा जिला हरदा में अपराध कं. 51/24 धारा 8/22 का कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस एमडी के स्त्रोत तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। आरोपी दीपक राजपूत के विरुद्ध कई थानों जिसमें पिपरिया, नर्मदापुरम, गाडरवाडा, जीआरपी, बैतूल में चोरी, मारपीट, नकबजनी जैसे अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस टीम में निरीक्षक खान थाना प्रभारी हरदा, उप निरीक्षक आदित्य करदाते, उप निरीक्षक सीताराम पटेल, प्रआर तुषार धनगर, कमलेश अहिरवार, शैलेन्द्र धुर्वे, शिवशंकर चौरे, आरक्षक शैलेन्द्र परमार, वीरेन्द्र राजपूत शामिल थे।



---

## विधायक सोलंकी ने कहा झिरन्या को मिर्च मंडी की जरूरत

### खंड स्तरीय बैठक में की विभिन्न विभागों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

विधायक झूमा सोलंकी ने कहा कि क्षेत्र में मिर्च फसल की अधिक पैदावार होने से यहां मिर्च मंडी की अत्यंत आवश्यकता है। जिससे किसानों को बेड़िया जाने की परेशानी से राहत और उन्हें उनकी उपज का वाजिब दाम मिल सकेगा। विधायक सोलंकी यहां बुधवार को खंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने स्थानीय प्रभारी उद्यान अधिकारी राजेंद्र सिंह चौहान से पूछा कि इस संबंध में क्या कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उन्हें बताया कि यदि राजस्व विभाग द्वारा फसल बुवाई के रकबे का सर्वेक्षण कराया जाए तो इसकी स्वीकृति मिल सकती है। प्रभारी कृषि विकास विस्तार अधिकारी बीएल डाबर ने बताया कि यहां मृदा परीक्षण भवन और उपकरण है लेकिन कर्मचारी नहीं होने से उपयोग नहीं हो रहा है।



उन्होंने ग्रामीण यांत्रिक सेवा उप संभाग के एसडीओ राकेश आरसे ने जानकारी दी एक सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है और एक सड़क का कार्य निर्माणाधीन है, जबकि खनिज विभाग की राशि से दो-दो लाख रुपए से स्वीकृत मंदिरों के चबूतरा कार्य चल रहें हैं। विद्युत विभाग के सहायक यंत्री नरेंद्र मोरे ने बताया कि 600 आदिवासी फालियों का विद्युतीकरण हो चुका है और 209 फालियों में कार्य किया जाना है। जबकि चिरीया से पहाड़ी वन क्षेत्र में थ्री फेस लाइन का कार्य और रतनपुर में ग्रिड का कार्य स्वीकृत है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के एमके पारस ने बताया कि बमनाला झिरन्या मार्ग के तीन अपूर्ण पुल निर्माण का एक माह में शुरू होगा। ब्रा राघवेंद्र जोशी ने जानकारी दी की क्षेत्र की 68 स्कूलों में शिक्षक नहीं है और अतिथि शिक्षक अध्यापन करा रहें हैं। इसके अलावा अन्य सभी प्रमुख विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में जनता पंचायत के सीईओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित थे।

6 लाख मूल्य की 10 क्विंटल लाल मिर्च व वाहन जब्त किया

## किसान के खेत में सूख रही मिर्ची चोरी कर मंडी में बेचने से पहले ही पकड़े गए, 3 गिरफ्तार, 4 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर अघावन में किसान के खेत में सूख रही मिर्च चोरी कर बेड़ियां मंडी में मिर्ची बेचने से पहले ही चोर गैंग को मेनगांव थाना पुलिस ने घेराबंदी कर 3 आरोपियों को धरदबोचा, वहीं गैंग के 4 आरोपी फरार हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अघावन में 23 जनवरी की रात टेमला रोड के खेत से 12 क्विंटल मिर्च चोरी के 3 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। करीब 6 लाख मूल्य की 10 क्विंटल लाल मिर्च व वाहन (एमपी 46 जी 2241) को जब्त किया। आरोपी बेड़ियां मिर्च मंडी में मिर्च बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। गैंग के 4 अन्य आरोपी अभी फरार हैं।

मेनगांव थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी ने कहा कि मुखबिर ने बताया कि चोरी करने वाले मिर्च को बेड़ियां मंडी मे बेचने ले जाएंगे। एक आरक्षक को सादा वर्दी में बेड़ियां मिर्च मंडी भेजा। मोबाइल चौकी अहिरखेड़ा प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र यादव को भी पता लगाने मंडी भेजा गया। जहां चौकी उपनिरीक्षक यादव ने मिर्च बेचने के लिए आए किसानों और व्यापार से जुड़े लोगों से मिर्च व गांव के संबंध में अलग-अलग पूछताछ की। वहीं पास में एक पिकअप मे मिर्च भरकर लाए तीन व्यक्ति पूछताछ में हड़बड़ा कर भागने लगे, जिन्हें चौकी अहिरखेड़ा फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ा। तीनों संदिग्धों से अलग अलग मनो वैज्ञानिक तरीके से मिर्च व गाड़ी के बारे मे पूछा गया तो सभी ने जुर्म कुबूल किया। 23 जनवरी की दरमियानी रात मे ग्राम अघावन से मिर्च चुराई थी। गैंग मे 7 सदस्य हैं जिन्होंने आपस मे चुराई हुई मिर्च को बांट लिया। जिसमें से हम तीन लोग मिर्च को बेचने के लिए बेड़ियां मिर्च मंडी मे आए थे। आरोपियों से चुराई मिर्च में से 10 क्विंटल मिर्च जब्त किया गया। कोर्ट से पुलिस रिमांड लेकर गैंग के अन्य सदस्य व अन्य घटनाओं की जानकारी जुटाएंगे।



पुलिस ने बेड़ियां मंडी सेदिनेश पिता प्रेमसिंग निगवाले जाति बारेला निगवाले फल्या आमझिरी थाना सेंधवा, रामदास पिता साईबा चौहान साल निवासी अम्बापुरा सांगवी थाना ऊन, सुनिल पिता ध्यानसिंग वास्कले धावडी थाना सेंधवा ग्रामीण जिला बडवानी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के सहयोगी सुरेश पिता गोरेलाल वासकले धावड़ी जिला बड़वानी, अमित सिलोटिया थाना बरुड, भाईला सिलोटिया थाना बरुड, अनिल सिलोटिया थाना बरुड फरार है।